*This Question Paper contains 8 printed pages.*
***(Sections - A, B, C & D)***

Sl.No. 25862

# 02(H)

**(MARCH/APRIL, 2022)**

---

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं **A, B, C** और **D** एवं कुल **1** से **55** प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

---

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **[10]**

1) हालदार साहब हर पन्द्रहवें दिन कम्पनी के काम के लिए कहाँ से गुजरते थे?
   (A) घर
   (B) कस्बे
   (C) कार्यालय
   (D) दुकान

2) बालगोबिन भगत मस्तक पर कैसा चन्दन लगाते थे?
   (A) रामानन्दी
   (B) कृष्णानन्दी
   (C) स्वामीनन्दी
   (D) कपूरानन्दी

3) फादर बुल्के की कर्म भूमि कहाँ है?

(A) नेपाल

(B) अमेरिका

(C) भारत

(D) इग्लैंड

4) फादर बुल्के की साइकिल कहाँ की सड़कों पर चलती दिख रही है?

(A) अजमेर

(B) फैजाबाद

(C) फरूखाबाद

(D) इलाहाबाद

5) बालगोबिन भगत का बेटा कैसा था?

(A) सुस्तबोदासा

(B) छोटासा

(C) लम्बासा

(D) ऊँचासा

6) नवाब साहब ने खीरे की फाँक को कहाँ से बाहर फेंक दिया?

(A) घर

(B) खिड़की

(C) दुकान

(D) दफ्तर

7) लेखिका के पिता रसोईघर को क्या कहते थे?

(A) जीमखाना

(B) रसोईखाना

(C) भटियारखाना

(D) कबुतर खाना

8) 'एक कहानी यह भी' पाठ की लेखिका कौन हैं?

(A) शीला

(B) महादेवी वर्मा

(C) पन्त

(D) मन्नुभंडारी

9) बिस्मिल्ला खाँ के बचपन का नाम क्या था?

(A) अमीरूद्दीन

(B) शमशुद्दीन

(C) रहीमुद्दीन

(D) गयासुद्दीन

10) बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई के साथ किस मुस्लिम पर्व का नाम जुड़ा हुआ है?

(A) ईद

(B) मुहर्रम

(C) ताजिया

(D) रोज़ा

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** [2]

11) नेताजी कैसी वर्दी में सुन्दर लग रहे थे?

12) फादर बुल्के की जन्मभूमि कहाँ थी?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (कोई तीन)** [6]

13) भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की?

14) लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा?

15) बिस्मिल्ला खाँ नौबतखाने में क्यों जाया करते थे?

16) न्युटन कौन था? उसने किसके सिद्धान्त का आविष्कार किया?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों का छः सात वाक्यों में उत्तर दीजिए।** [4]

17) लेखक ने फादर बुल्के को 'मानवीय करूणा की दिव्यचमक' क्यों कहा है?

अथवा

17) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी?

■ **निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** **[3]**

18) 'फटा सुर न बख्शें। लुंगिया का क्या है, आज फटी है, तो कल सी जाएगी।'

अथवा

18) ''सीता का यह सन्देश कटु नहीं तो क्या मीठा है? राजा मात्र कहकर उनके पास अपना सन्देश भेजा।''

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प में से चुनकर लिखिए।** **[10]**

19) उद्धव को बड़भागी किसने कहा है?

(A) कृष्ण
(B) गोपियाँ
(C) बलदेव
(D) नन्दराय

20) शिवका धनुष किसने तोड़ा था?

(A) राम
(B) भरत
(C) शत्रुघ्न
(D) लक्ष्मण

21) 'नूपुर' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) टीका
(B) पायल
(C) करधनी
(D) माथवेंदी

22) देव ने अपने कवित्त में 'केकी' शब्द का क्या अर्थ बताया है?

(A) कौआ
(B) कोयल
(C) मोर
(D) तोता

23) 'कन्यादान' काव्य के रचयिता हैं –

(A) सूरदास
(B) तुलसीदास
(C) मंगलेश
(D) ऋतुराज

24) संगतकार मुख्यगायक के कैसे स्वर का साथ देता है?

(A) भारी

(B) हल्का

(C) ऊँचा

(D) नीचा

25) माँ की अन्तिम पूँजी क्या थी?

(A) धन

(B) लड़की

(C) लड़का

(D) घर

26) 'उत्साह' कविता में कवि किसके गरजने की बात करता है?

(A) बादल

(B) बिजली

(C) सिंह

(D) शेर

27) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के रचयिता कौन हैं?

(A) सूरदास

(B) कबीरदास

(C) तुलसीदास

(D) रविदास

28) 'आत्मकथ्य' के रचयिता जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) वाराणसी

(B) आगरा

(C) मथुरा

(D) अलीगढ़

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** [2]

29) गोपियों ने 'हारिल की लकरी' किसे कहा है?

30) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषता बतायी है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** (कोई तीन) [6]

31) बादलों के न बरसने से धरती तथा लोगों की क्या दशा हो रही है?

32) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस तरह व्यक्त किया?

33) कवि ने 'श्रीबृजदूलह' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है?

34) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** [4]

35) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के कौन-कौन से तर्क दिए हैं?

अथवा

35) फागुन में ऐसा क्या होता है जो अन्य ऋतुओं से भिन्न होता है।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** [3]

36) मधुप गुन-गुनाकर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।

अथवा

36) ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनिपात रहत जल भीतर, तारस देह न दागी।।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।** [2]

37) जमीन

38) आसमान

■ **निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए ।** [2]

39) भाई–बहन

40) दशानन

■ **निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए।** [2]

41) जिसके माता–पिता न हों –

42) जिसकी पत्नी मर गई हो वह पुरूष –

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए।** [2]

43) बालगोबिन भगत भी मझौलेकद के आदमी थे।

44) कैप्टन ही बार–बार मूर्ति पर चश्मा लगा देता था।

■ **निम्नलिखित वाक्यों में क्रियापद ढूँढकर लिखिए।** [2]

45) गीता नाचती है।

46) लेखिका बचपन में पकड़म–पकड़ाई खेलती।

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए।** [1]

47) आम के आम गुठलियों के दाम।

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** [4]

48) नौ दो ग्यारह होना

49) आँखे लाल होना

## विभाग - D

50) 'शिवम् विद्यालय राणीप अहमदाबाद' में रिक्त हिन्दी शिक्षक पद हेतु आवेदन पत्र लिखिए। [3]

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूँछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** [4]

दुलारी के जीवन में टुन्नू का प्रवेश हुए अभी कुल छ:मास हुए थे। पिछली भादों में तीज के अवसर पर दुलारी खोजवाँ बाज़ार में गाने गई थी। दुक्कड़ पर गाने वालियों में दुलारी की महतीं ख्याति थी। उसे पद्य में ही सवाल–जवाब करने की अद्भुत क्षमता प्राप्त थी। कजली गाने वाले बड़े–बड़े विख्यात शायरों की उससे कोर दबती थी।

**प्रश्न :**

51) खोजवाँ बाज़ार में गाने कौन गई थी?

52) दुक्कड़ पर गाने वालों में दुलारी की क्या थी?

53) टुन्नू का प्रवेश दुलारी के जीवन में कितने महीने पहले हुआ था?

54) किसकी कोर दुलारी से दबती थी?

55) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए। [8]

अ) कोरोना एक वैश्विक महामारी

ब) आतंकवाद का बढ़ता हुआ आतंक

क) भारतीय किसान

ड) प्रदूषण एक विकट समस्या

❄ ❄ ❄